प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.09.2024 (1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमशेदपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान।**

2. **श्री मोदी ने कहा–तुष्टिकरण के चलते संथाल परगना तथा कोल्हान क्षेत्र में बांग्लादेशी और रोहिंग्या समुदाय की बढ़ रही है जनसंख्या, जबकि आदिवासियों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है।**

3. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से टाटानगर–पटना समेत छह वंदे भारत रेलगाडियों को किया रवाना, पीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के लिए जारी की पहली किस्त।**

4. **रांची समेत राज्य के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटों से रूक–रूक कर हो रही बारिश, मौसम विभाग ने जमशेदपुर, चाईबासा और रांची समेत अन्य इलाकों में भारी बारिश को लेकर जारी किया रेड अलर्ट।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के लोगों को झारखंड में विकास कार्य में तेजी लाने के लिए भ्रष्ट हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को उखाड फेंकने का आह्वान किया है। जमशेदपुर के गोपाल मैदान में पार्टी की ओर से आयोजित परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर झामुमो, कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा है।

श्री मोदी ने हेमंत सोरेन सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड के तीन बड़े दुश्मन झामुमो, कांग्रेस और राजद हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार में लूट मची है।

श्री मोदी ने कहा कि झारखंड में सबसे बड़ी चिंता घुसपैठ की है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना और कोल्हान में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की घुसपैठ से यहां की डेमोग्राफी बदल गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों से आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है और बेटियों पर अत्याचार हो रहा है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हेमंत सोरेन पर आदिवासियों के नाम पर वोट करने की राजनीति करने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सीएम की कुर्सी छीनने के लिए उनका अपमान किया गया, उससे झारखंड का हर गरीब और आदिवासी आहत है।

****

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये टाटानगर–पटना समेत छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें ब्रह्मपुर–टाटानगर, राउरकेला–हावड़ा, देवघर–वाराणसी, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा शामिल हैं। इस मौके पर श्री मोदी ने 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का भी

शिलान्यास किया। इसके तहत मधुपुर–बाईपास रेल लाइन और हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो शामिल है। प्रधानमंत्री ने जिन दो परियोजनाओं का लोकार्पण किया, उनमें कुरकुरा–कानारोवां रेल लाइन का दोहरीकरण और चार रेल अंडर ब्रिज शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलिकॉप्टर भारी बारिश और खराब मौसम के कारण जमशेदपुर के लिए उड़ान नहीं भर सका, जिसके चलते उन्हें रांची से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करना पड़ा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये लोगों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इन रेलगाड़ियों से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

****

प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। इसमें 32 करोड़ रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भेजे गए। इसके अलावा 32 हजार मकानों के स्वीकृति पत्र वितरित किया। श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना से संबंधित क्षेत्रों में गतिविधियां बढेंगी और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

****

कोडरमा के रास्ते दो नए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन शुरू होने से कोडरमा के लोगों ने खुशी जताई है।

****

बोकारो जिले के कुछ बैंक केन्द्र प्रायोजित योजनाओं से संबंधित लाभुकों के आवेदनों के निष्पादन में शिथिलता बरत रहे हैं।

****

राजधानी रांची, जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला–खरसावां, सिमडेगा और गढ़वा समेत राज्य के कई इलाकों में पिछले चौबीस घंटों से रूक–रूककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। गढ़वा जिले में पिछले 20 घंटो से लगातार हो रही बारिश से सभी नदियां उफान पर हैं। मूसलाधार बारिश से बेलचंमपा और तीलदाग को जोड़ने वाली दाड़ू नदी पर बना पर पुल टूट गया है जिससे आवागमन बाधित हो गया है। वहीं स्वरसतिया नदी के किनारे बने घरों में पानी घुस गया है। सोन, कनहर और कोयल नदी उफान पर है। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां और रांची समेत अन्य इलाकों में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।